




... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, मंगलवार, 10 फरवरी-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष-43 ● अंक 144 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया










# लोकसभा स्पीकर हटाओ

## विपक्ष ने खोला मोर्चा, अविश्वास प्रस्ताव की नोटिस सचिवालय को जारी



● कांग्रेस, डीएमके, सपा 118 सांसदों ने किए हस्ताक्षर

**नई दिल्ली।** संसद में जारी गतिरोध के बीच विपक्ष ने लोकसभा स्पीकर के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। विपक्ष स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया है। मंगलवार को सचिवालय को स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दे दिया गया है। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने बताया कि स्पीकर को हटाने के लिए संविधान के अनुच्छेद 94-सी के तहत लोकसभा सचिवालय को नोटिस दिया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, विपक्ष के 118 सांसदों ने इस नोटिस पर हस्ताक्षर किए हैं। हस्ताक्षर करने वाले सांसदों में कांग्रेस, डीएमके, सपा के सांसद शामिल हैं। नोटिस में विपक्ष ने कहा है, लोकसभा स्पीकर लगातार विपक्षी सांसदों को जनहित के मुद्दे उठाने से रोक रहे हैं। नोटिस में बताया गया कि अनुच्छेद 94 (सी) के तहत नोटिस दिया गया है क्योंकि स्पीकर खुलेआम पक्षपात कर रहे हैं। विपक्ष के आठ सांसदों को मनमाने ढंग से निलंबित कर दिया गया है; उन्हें केवल लोकतांत्रिक अधिकारों का प्रयोग करने के लिए दंडित किया जा रहा है। कई मौकों पर विपक्षी दलों के नेताओं को बोलने की अनुमति ही नहीं दी गई, जबकि यह उनका मौलिक अधिकार है। कांग्रेस सांसद और चीफ व्हिप के सुरेश ने कई विपक्षी पार्टियों की तरफ से लोकसभा सचिवालय को यह नोटिस दिया। गौरतलब है कि टीएमसी के सांसदों ने इस नोटिस पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं और न ही वे इस नोटिस का हिस्सा हैं।

### अविश्वास प्रस्ताव पर टीएमसी ने बनायी दूरी

**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ कांग्रेस द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव का समर्थन करने से इनकार कर दिया है। सूत्रों के अनुसार, टीएमसी ने अध्यक्ष को हटाने की मांग को लेकर अविश्वास प्रस्ताव लाने की विपक्ष की रणनीति से खुद को अलग कर लिया है। टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी ने कहा कि हमने कांग्रेस को सुझाव दिया है कि वह इंडिया ब्लॉक और कांग्रेस की मांगों को लेकर अध्यक्ष से अपील करे और हमने अध्यक्ष को विपक्ष की अपील पर जवाब देने के लिए तीन दिन का समय दिया है। अगर कांग्रेस आज अपील पेश करती है, तो टीएमसी इस पर हस्ताक्षर नहीं करेगी और अगर अध्यक्ष विपक्ष की अपील से सहमत नहीं होते हैं, तो हम अविश्वास प्रस्ताव पर हस्ताक्षर करने के लिए तैयार हैं।

## असम के मुख्यमंत्री के खिलाफ याचिका दाखिल करने पर सीजेआई ने कसा तंज



● जैसे ही चुनाव आता है, उसका एक हिस्सा सुप्रीम कोर्ट में लड़ा जाने लगता है

**नई दिल्ली।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के एक वीडियो को लेकर विवाद बढ़ गया है। इस वीडियो में मुख्यमंत्री को बंदूक से एक खास समुदाय के लोगों की ओर निशाना लगाते हुए दिखाया गया है। इस मामले में माकपा और सीपीआई के नेताओं ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने कोर्ट से मांग की है कि इस वीडियो को लेकर मुख्यमंत्री के खिलाफ कार्रवाई की जाए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि वह इस याचिका को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करेगा। मामले की सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश सीजेआई सूर्यकांत ने टिप्पणी करते हुए कहा कि जैसे ही चुनाव आते हैं, चुनाव का एक हिस्सा सुप्रीम कोर्ट में लड़ा जाने लगता है।

## हाईकोर्ट ने 22 पुलिसकर्मियों के खिलाफ केस दर्ज करने पर लगाई रोक

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट (सीजेएम), संभल के उस आदेश पर रोक लगा दी है, जिसमें नवंबर 2024 में संभल हिंसा के सिलसिले में पूर्व क्षेत्राधिकारी (सीओ) अनुज चौधरी सहित 22 पुलिस कर्मियों के खिलाफ एफआइआर दर्ज करने का आदेश दिया गया था। यह आदेश न्यायमूर्ति समित गोपाल की एकल पीठ ने दिया है। संभल के पूर्व सीओ अनुज चौधरी और संभल के पूर्व थानेदार अनुज तोमर की याचिका पर कोर्ट ने 14 दिन की अंतरिम राहत दी है। साथ ही शिकायत करने वाले यामीन को इस याचिका पर जवाब दाखिल करने इससे पहले राज्य सरकार की तरफ से कहा गया था कि यामीन के बेटे आलम को जो गोली लगी थी, वह पुलिस इस्तेमाल नहीं करती। सरकार की तरफ से यह भी कहा गया था कि सीजेएम ने बीएन एस एस की धारा 175 की अनदेखी की है।

## यूजीसी के समर्थन में मार्च कर रहीं पल्लवी पटेल की पुलिस से झड़प

**लखनऊ।** लखनऊ में पुलिस और अपना दल (कमेरावादी) की विधायक पल्लवी पटेल के बीच झड़प हो गई। पल्लवी ळ्उण इक्विटी रेगुलेशन 2026 के समर्थन में पैदल मार्च निकाल रही थीं। वह आईटीम चौराहे से निकलीं और यहां से विधानसभा तक जाना था। मार्च जब रिजर्व पुलिस लाइन के पास से गुजरने लगा तो पुलिस ने पल्लवी पटेल को रोक दिया। बैरिकेडिंग की गई थी। पल्लवी ने इस पर चढ़ने की कोशिश की तो पुलिस ने फिर रोका। इस दौरान पुलिस और पल्लवी के बीच झड़प हो गई। इसके बाद वो सड़क पर ही धरने पर बैठ गईं। पुलिस काफी देर तक समझाती रही लेकिन पल्लवी वहां से हटने को तैयार नहीं हुईं। इसके बाद पुलिस ने कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया। इस दौरान सबको गाड़ियों में बैठा दिया गया, लेकिन पल्लवी सड़क पर बैठ गईं।

## पप्पू यादव को पुराने धोखाधड़ी मामले में मिली जमानत, मगर जेल में ही रहना होगा



**पटना।** पटना। 31 वर्ष वाले पुराने धोखाधड़ी के मामले में पप्पू यादव को सिविल कोर्ट से जमानत मिल गई है। हालांकि, उनको अभी जेल में ही रहना होगा। पप्पू यादव पर धोखाधड़ी का ये मामला साल 1995 का है। यह पटना के गर्दनीबाग थाना क्षेत्र से जुड़ा है। शिकायतकर्ता का नाम विनोद बिहारी लाल है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि पप्पू यादव और उनके सहयोगियों ने धोखे से उनका मकान किराए पर लिया और बाद में उस पर कब्जा कर लिया। इस केस में धोखाधड़ी, जालसाजी, आपराधिक धमकी और साजिश जैसे गंभीर आरोप दर्ज हैं।

# अभी छपी नहीं है नरवणे की किताब

● कंपनी झूठ बोल रही या पूर्व आर्मी चीफ -राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** पूर्व आर्मी चीफ जनरल एमएम नरवणे की अनपब्लिश्ड किताब 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी (Four Stars of Destiny)' पर पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया ने कहा कि किताब अभी तक प्रकाशित नहीं हुई। इसका कोई हिस्सा सार्वजनिक नहीं किया गया। कंपनी ने कहा कि पब्लिशिंग के सभी राइट्स हमारे पास हैं। अब तक किताब की न तो कोई छपी हुई कॉपी आई है और न ही डिजिटल कॉपी सामने आई है। इसके जवाब में राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा- या तो नरवणे झूठ बोल रहे हैं, या पेंगुइन कंपनी। दरअसल, कंपनी की सफाई इसलिए आई क्योंकि किताब की अनअथॉराइज्ड कॉपियों के लीक और ऑनलाइन सर्कुलेशन का दावा सामने आया था। इस मामले में दिल्ली पुलिस ने FIR भी दर्ज की है।

# पूरे परिवार ने खा लिया जहर

● पांचों सदस्यों की सुबह घर से लाश बरामद, सुसाइड नोट में लिखा हमारी मौतके लिए कोई जिम्मेदार नहीं,



**मथुरा।** मथुरा जिले में महावन थाना क्षेत्र के गांव खप्परपुर में मंगलवार सुबह सनसनीखेज घटना हुई। गांव में एक दंपती ने अपने तीन बच्चों के साथ जहर खाकर जान दे दी। पांचों के शव सुबह घर के अंदर पड़े मिले तो सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस जांच कर रही है। खप्परपुर निवासी 35 वर्षीय मनीष खेती करते थे। सुबह करीब दस बजे पुलिस को सूचना मिली कि मनीष, उनकी पत्नी 32 वर्षीय सीमा, पांच वर्षीय बेटी हनी, चार वर्षीय प्रियांशी और दो वर्ष के बेटे पंकज के शव सुबह घर के अंदर पड़े हैं। पुलिस मौके पर पहुंची तो पांचों के जहर खाकर आत्महत्या करने की पुष्टि हुई है। घर की रसोई की दीवार पर लिखा है हम स्वयं आत्महत्या कर रहे हैं। आत्महत्या के कारणों को पुलिस अभी खोज रही है। मनीष के घर के बगल में ही उनके दो अन्य भाई रहते हैं। पिता का देहांत कुछ दिन पहले हो गया था। एक साथ पूरे परिवार की आत्महत्या को लेकर क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म है। लोग तरह-तरह की अटकलें लगा रहे हैं।

### बढ़त के साथ खुला शेयर बाजार

**नई दिल्ली।** हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन यानी मंगलवार को भारतीय बाजार बढ़त के साथ खुला। एशियाई बाजारों में सकारात्मक रुझानों और विदेशी निधियों के निरंतर प्रवाह के चलते मंगलवार को लगातार तीसरे सत्र में अपनी बढ़त जारी रखी। अमेरिकी बाजारों में मजबूती और नई दिल्ली और वाशिंगटन के बीच अंतरिम व्यापार ढांचे को लेकर आशावाद से निवेशकों का मनोबल बढ़ रहा है। शुरुआती कारोबार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 11 पैसे गिरकर 90.77 पर आ गया।

### चांदी टूटी, ठिठका सोना

**नई दिल्ली।** आज मंगलवार को दो सत्रों की तेजी के बाद सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई। सोने 960 रुपये सस्ता होकर 1.57 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। वहीं चांदी की कीमत 2640 रुपये गिरकर 2.61 लाख प्रति किलो पर पहुंच गई।






## बंगाल SIR मामले में बड़ी अदालत ने दिखायी सख्ती बढ़ायी समय सीमा



**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में इस साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। चुनाव से पहले निर्वाचन आयोग मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) करा रहा है। मतदाता सूची से जुड़ा यह विवाद सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया है। कोर्ट ने आज इस मामले में अहम दिशा-निर्देश दिए। चीफ जस्टिस ने एसआईआर की समयसीमा बढ़ाने का भी निर्देश दिया। सीजेआई सूर्यकांत की पीठ ने कहा कि मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण (SIR) की डेडलाइन एक सप्ताह और बढ़ाई जा रही है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, निर्वाचन आयोग को पश्चिम बंगाल एसआईआर प्रक्रिया के बाद फाइनल वोटर लिस्ट पब्लिश करने के लिए और समय दिया जा रहा है। एसआईआर की डेडलाइन 14 फरवरी से एक हफ्ते आगे बढ़ाई जा रही है। माइक्रो ऑब्जर्वर या राज्य सरकार के अधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारी केवल ईआरओ की सहायता करना होगी।

# आखिर मान गया पाकिस्तान

## टी-20 वर्ल्डकप : 15 फरवरी को होगी आर-पार की लड़ाई

● आईसीसी ने खारिज कर दी पीसीबी की सारी शर्तें!

**नई दिल्ली।** टी-20 वर्ल्ड कप में 15 फरवरी को भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला होगा। पाकिस्तान सरकार ने सोमवार रात अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट कर इसकी पुष्टि की। पोस्ट में बताया गया कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने फोन कर भारत के खिलाफ मैच खेलने की अपील की थी। इसके अलावा बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम ने भी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड से मुकाबला खेलने की सिफारिश की थी। दरअसल, बांग्लादेश को टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर किए जाने के विरोध में पाकिस्तान ने 1 फरवरी को भारत के खिलाफ मैच का बहिष्कार करने का ऐलान किया था। हालांकि उसने टूर्नामेंट के बाकी मुकाबले खेलने पर सहमति जतायी थी। चर्चाओं और मित्र देशों के अनुरोधों को देखते हुए पाकिस्तान सरकार ने फैसला लिया। पाकिस्तान टीम 15 फरवरी 2026 को ICC मेंस टी-20 वर्ल्ड कप मैच खेलेगी। पाकिस्तान की मीडिया का दावा है कि PCB की शर्तें ICC ने मान ली गई हैं, लेकिन सूत्र बताते हैं कि ICC ने पाकिस्तान की तीनों मांगें सिरे से खारिज कर दी हैं। यह जरूर कहा गया कि बांग्लादेश पर कोई जुर्माना नहीं लगेगा। उन्हें भविष्य में एक ईवेंट भी दिया जाएगा।

जनमुख हिन्दी दैनिक City लाइव
● तापमान अधिकतम : 26.6°C
● तापमान न्यूनतम : 10.5°C
● सूर्योदय : 06.10
● सूर्यास्त : 05.14
वाराणसी, 10 फरवरी, मंगलवार, 2026 (3)






कंपोजिट विद्यालय शिवपुर के प्रांगण में जनपद स्तरीय क्विज व विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं बालिकाएं
छाया : जनमुख

# ठंड की विदाई, धूप ने धमकाया

## गर्मी, पसीना, प्यास के साथ बिजली का रोना, पानी की चिखचिख



### ● तेवर दिखाने लगा तापमान, क्षण भर के छाया को तरसेंगे लोग

वाराणसी। मौसम ने धीरे-धीरे करवट लेना शुरू कर दिया है। पछुआ हवाओं के कमजोर पड़ने और उनकी रफ्तार थमने से प्रदेश के दिन के तापमान में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। धूप में अब तल्खी महसूस होने लगी है। मौसम विभाग ने अनुमान जाहिर किया है कि आने वाले सप्ताह में धूप तल्ख से तीखी की हो जाएगी। कोहरा ठंड और गलन अब वापस लौट जाएंगे और गर्मी का पदार्पण होगा। भीषण गर्मी, पसीना, प्यास का दौर शुरू हो जाएगा। क्षण पर के छाया को लोग तरसने लगेंगे। बिजली का रोना और पानी की चिखचिख शुरू हो जाएगी। आज मंगलवार की सुबह वातावरण में नमी का असर मामूली रहा लेकिन दिन चढ़ने के साथ ही धूप और सूरज का ताप प्रभावी हो गया। मौसम विभाग के अनुमानों के अनुरूप ही वातावरण में फगुआ का जोर रहा। दो दिनों में पूरी तरह से कोहरे और कुहासे का असर खत्म हो जाएगा और फगुनहट बहने लगेगी। बीते चौबीस घंटों में अधिकतम तापमान 26.6°C दर्ज किया गया जो सामान्य से 0.9 डिग्री अधिक रहा। न्यूनतम तापमान 10.5°C दर्ज किया गया जो सामान्य से 1.1 डिग्री कम रहा। आर्द्रता इस दौरान न्यूनतम 51 प्रतिशत और अधिकतम 79प्रतिशत दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार बीच-बीच में पश्चिमी विक्षोभ की वजह से तापमान में कुछ समय के लिए गिरावट भी देखने को मिल सकती है। इसके बावजूद फरवरी के अंत तक यूपी से ठंड पूरी तरह विदा हो जाएगी।

### गर्मी की आहट से खरबूजा और तरबूज से पटने लगा बाजार

गर्मी की शुरुआत के साथ वाराणसी की पहड़िया मंडी में तरबूज और खरबूज की आवक शुरू हो गई है। फरवरी में दो ट्रक आने के बाद रमजान तक यह संख्या 10 तक पहुंचने की उम्मीद है। तरबूज 20-30 रुपये और खरबूज 30-35 रुपये प्रति किलो बिक रहा है। फिलहाल आंध्र प्रदेश से आ रहे ये फल जल्द ही स्थानीय स्तर पर भी उपलब्ध होंगे, जिससे गर्मी में इनकी मांग बढ़ेगी।

## महापौर ने सीएम ग्रिड्स योजना की परखी प्रगति, कार्यदायी संस्था को दिया निर्देश



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** महापौर अशोक कुमार तिवारी ने सोमवार को सिगरा स्थित फल मंडी के पास मुख्यमंत्री ग्रीन रोड्स इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट स्कीम (सीएम ग्रिड्स) के तहत चल रहे विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। महापौर ने मौके पर मौजूद अधिकारियों और कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों से काम की रफ्तार और गुणवत्ता को लेकर सावधान किया। निरीक्षण के दौरान महापौर ने बताया कि शहर की इन प्रमुख सड़कों को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जा रहा है, जिसमें रोड रिसर्फेसिंग के साथ अंडरग्राउंड यूटिलिटी डक्ट और स्टॉर्म वाटर ड्रेन जैसी व्यवस्थाएं शामिल हैं और घंटी मिल से सिगरा थाना और सुंदरपुर मुख्य मार्ग जैसे खंडों पर कार्य 40 से 47 प्रतिशत तक पूर्ण हो चुका है।

## आशा ट्रस्ट ने किया 4 गांवों में बाल पुस्तकालय का शुभारंभ




**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** सामाजिक संस्था आशा ट्रस्ट द्वारा 4 गांवों श्रीकंठपुर, रामपुर, चंदापुर और खरगीपुर में बच्चो की रोचक पुस्तकें प्रदान करते हुए आशा बाल पुस्तकालय का शुभारंभ किया गया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए आशा ट्रस्ट के समन्वयक वल्लभाचार्य पाण्डेय ने कहा कि सोशल मीडिया पर प्राप्त अधकचरी और असत्य जानकारियों को ही सत्य मानने से बच्चों में सही गलत की पहचान करने की क्षमता नष्ट हो रही है। इस अवसर पर मिथिलेश दुबे ने कहा कि किताबों का बहुत महत्व है, इसमें निहित ज्ञान को आत्मसात करने से हम परिवार, समाज, देश और प्रकृति के प्रति एक जिम्मेदार नागरिक बन सकते हैं । इस अवसर पर प्रदीप सिंह, शिवानी, स्नेहलता श्रीवास्तव, शिवेंद्र सिंह, मनोज यादव, संध्या, विशाल, उमेश, विशाल श्रीवास्तव आदि की उपस्थिति रही।

## विज्ञान प्रदर्शनी व क्विज़ प्रतियोगिता में पिण्डरा नंबर वन, चोलापुर को दूसरा स्थान



**वाराणसी।** शासन के निर्देश के क्रम में कंपोजिट विद्यालय शिवपुर के प्रांगण में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत जनपद स्तरीय क्विज व विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। दोनों प्रतियोगिता के लिए प्रत्येक ब्लॉक से 5-5 छात्र कुल 90 प्रतिभागी छात्रों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि हेमंत राव ए0डी0 बेसिक वाराणसी मंडल द्वारा किया गया। दोनों प्रतियोगिताएं (क्विज एवं विज्ञान मॉडल) अलग-अलग हुईं। क्विज़ प्रतियोगिता दो चरणों में हुआ प्रथम चरण में प्रथम चक्र में पांच ब्लॉक की टीम व द्वितीय चरण में शेष 4 ब्लॉक की टीम ने प्रतिभाग किया। दोनों चक्र के विजेताओं के साथ फाइनल राउंड का द्वितीय चरण हुआ जिसमें पिंडरा ने 9 अंक प्राप्त कर चोलापुर 07 अंक पर जीत दर्ज करते हुए विजेता हुआ।

## ना.सु. के 360 वार्डेन बने मास्टर ट्रेनर



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** जिलाधिकारी/नियंत्रक नागरिक सुरक्षा सत्येन्द्र कुमार के निर्देशन तथा एडीएम (सिटी) आलोक कुमार वर्मा की देखरेख में नागरिक सुरक्षा कार्यालय चेतगंज में आयोजित सात दिवसीय वार्डेन एवं स्वयंसेवक क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। अंतिम दिन परीक्षा में सफल प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि अपर पुलिस उपायुक्त डॉ. ईशांत सोनी रहे। उप नियंत्रक जितेन्द्र देव सिंह ने स्वागत करते हुए कहा कि तीन चरणों में 360 स्वयंसेवक प्रशिक्षित कर मास्टर ट्रेनर बनाएं गए। जिन्हें आपदा प्रबंधन, राहत-बचाव, प्राथमिक उपचार, संचार तथा नागरिक सुरक्षा से जुड़ी तकनीकों का व्यावहारिक और सैद्धांतिक प्रशिक्षण दिया गया।

## शादी नहीं करोगी तो तेजाब फेंक दूंगा

### ● दहशत में छात्रा ने स्कूल जाना छोड़ दिया



**वाराणसी।** वाराणसी के दशाश्वमेध थाने में महिला ने एक युवक पर मुकदमा दर्ज कराया है। महिला का आरोप है कि युवक लगातार उसकी बेटी के ऊपर शादी का दबाव बना रहा है। शादी न करने पर उसने बेटी पर तेजाब फेंकने की धमकी दी है। साथ ही बेटी की फोटो अपनी इंस्टाग्राम आईडी पर भी लगातार पोस्ट कर रहा है। थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने बताया - मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। महिला ने पुलिस को बताया दीपू सहानी कई दिनों से मेरी बेटी को परेशान कर रहा है। उसने धमकी दी है कि यदि अपनी बेटी की शादी उससे नहीं करवाई तो उसके ऊपर तेजाब फेक देगा। ऐसे में हम सभी डरे हुए हैं। बेटी को स्कूल जाना बंद कर दिया था। 9 फरवरी को बेटी की परीक्षा थी। इसलिए वो घर से निकली तो जंगमबाड़ी के पास दीपू ने उसे रोका। बेटी ने विरोध किया तो वह उसका मोबाइल लेकर भाग गया जिसके बैक कवर में 5 हजार रुपए भी थे।

## महाशिवरात्रि पर महिला पुलिस और ड्रोन की तैनाती



**वाराणसी।** वाराणसी में पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल ने काशी, गोमती और वरुणा जोन में महाशिवरात्रि पर्व की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। राजपत्रित अधिकारीगण के साथ सीएम डैशबोर्ड, लंबित विवेचनाओं, सुगम यातायात व्यवस्था पर मंथन किया। इसके साथ ही जिले में विभिन्न घटनाओं पर सवाल भी उठाए। सबसे पहले तीनों जोन के डीसीपी को सीएम डैशबोर्ड के विभिन्न पैरामीटर्स पर अद्यतन प्रविष्टियों की शुद्धता, समयबद्ध निस्तारण एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सभी एसीपी, एडीसीपी और थानाध्यक्षों को गैंगस्टर एक्ट, जघन्य अपराध, एनडीपीएस एक्ट एवं गोवध अधिनियम से संबंधित प्रकरणों में लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण की बात कही। महाशिवरात्रि के दृष्टिगत शिवालयों पर जिग-जैग बैरिकेडिंग, पर्याप्त पुलिस एवं महिला पुलिस बल की तैनाती, विस्तृत ब्रीफिंग तथा सीसीटीवी व ड्रोन कैमरों से निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

## फागुणोत्सव संग निकली श्याम पालकी शोभायात्रा



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** काशी नगरी में श्याम दरबारी मंडल काशी परिवार द्वारा भक्ति, उल्लास और श्रद्धा के वातावरण के बीच फागुणोत्सव (पंचम) संग श्री श्याम पालकी शोभायात्रा का भव्य आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह आयोजन रथयात्रा–महमूरगंज रोड स्थित एक होटल में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 10 बजे महादेव के विधिवत रुद्राभिषेक से हुई, जिसमें मंडल परिवार ने महादेव का आह्वान किया व उत्सव के सफलता के लिए प्रार्थना किया। अपराह्न 3.30 बजे से बाबा श्याम की विशाल भंडारे का आयोजन भी था। समस्त प्रक्रियाओं की पूर्ति के पश्चात बाबा श्याम अपने दरबार से प्रस्थान कर पालकी की ओर अग्रसर हुए व बाबा की शाही सवारी पालकी की सवारी सज्ज हुई व बाबा यात्रा के लिए प्रस्थान करने को तैयार हुए। सायं 5 बजे बाबा श्याम की भव्य पालकी शोभायात्रा निकली। शोभायात्रा की अगुवाई कर रहे डमरू दल ने समस्त क्षेत्र को बाबा के आगमन की सुचना दी, डीजे की धुन ने भक्तों के कदमों में थिरकन प्रदान की। सभी भक्त हाथों में निशान लिये काशी को श्याममय बनाते हुए श्याम मंदिर लक्सा पहुँचे।

## निगम और वेदांता समूह के बीच एमओयू




**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** काशी अब पशु कल्याण और उनके वैज्ञानिक प्रबंधन के क्षेत्र में भी देश के लिए मॉडल बनेगी। इस संबंध में नगर निगम व वेदांता समूह के अनिल अग्रवाल फाउंडेशन के बीच सोमवार को एक ऐतिहासिक समझौता (एमओयू) हुआ। इसके तहत ऐढ़े स्थित नगर निगम के पशु जन्म नियंत्रण (एबीसी) केंद्र को अत्याधुनिक बनाया जाएगा। इस मौके पर वेदांता लिमिटेड की गैर-कार्यकारी निदेशक और टाको की एंकर प्रिया अग्रवाल हेब्बर ने कहा कि हमारा उद्देश्य वाराणसी में एक ऐसा मानवीय मॉडल विकसित करना है, जिससे पशुओं और समाज के बीच बेहतर तालमेल बना रहे। वहीं, नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने बताया कि इस साझेदारी से शहर में आवारा पशुओं की आबादी पर प्रभावी नियंत्रण लगेगा।

## यूजीसी के विरोध में मार्च निकालने वाले छात्रों से जवाबतलब

**वाराणसी।** काशी हिंदू विश्वविद्यालय परिसर में यूजीसी एक्ट के विरोध में प्रदर्शन मार्च निकालने वाले छात्रों को नोटिस जारी कर विश्वविद्यालय प्रशासन ने जवाब मांगा है। मेल भेजकर सभी को फिजिकली बोर्ड के सामने पेश होने के लिए निर्देश दिए गए हैं।




## देश की पहली डिजिटल जनगणना की तैयारी शुरू

### ● दो चरणों में होगी गणना प्रथम चरण 22 मई से 20 जून तक चलेगा




**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** देश की पहली पूर्णतः डिजिटल जनगणना–2027 की तैयारियाँ प्रारम्भ हो चुकी हैं, जिसके लिए केंद्र, राज्य, जिला एवं तहसील स्तर पर व्यापक तैयारियाँ की जा रही हैं। जनगणना–2027 देश की 16वीं जनगणना तथा स्वतंत्रता के बाद की आठवीं जनगणना होगी, जो गांव, शहर एवं वार्ड स्तर पर प्राथमिक आंकड़ों का सबसे बड़ा एवं सबसे विश्वसनीय स्रोत मानी जाती है। पहली बार नागरिकों को स्व-गणना (Self-Enumeration) का विकल्प प्रदान किया गया है। भवनों के उपयोग, निर्माण में प्रयुक्त सामग्री, शौचालय की उपलब्धता, प्रकाश का मुख्य स्रोत, खाना पकाने में प्रयुक्त ईंधन के प्रकार, परिवार द्वारा उपभोग किए जाने वाले मुख्य अनाज तथा टेलीविजन एवं इंटरनेट सुविधा जैसी परिसंपत्तियों से संबंधित कुल 33 प्रकार की सूचनाओं के विषय में आँकड़ों का संग्रह किया जाएगा। जनगणना दो चरणों में संपन्न कराई जाएगी। प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकान गणना का कार्य पूरे उत्तर प्रदेश राज्य में एक साथ 22 मई से 20 जून तक कराया जाएगा, जबकि जनसंख्या गणना पूरे देश में फरवरी 2027 में संपन्न होगी। जनगणना–2027 का संचालन डिजिटल माध्यम से किया जाएगा। शीतल वर्मा, आईएएस, मुख्य प्रधान जनगणना अधिकारी एवं निदेशक, जनगणना कार्य निदेशालय, उत्तर प्रदेश, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जनगणना–2027 की तैयारियों की समीक्षा वाराणसी मंडल के मंडलायुक्त एवं चारों जनपदों के जिलाधिकारियों के साथ कमिश्नरी सभागार में वाराणसी मंडल के जनगणना कार्यों के संबंध में की गई।

**जनमुख परामर्श मंडल**

**एस. कुमार**
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल
ऑफ इंडिया

**संतोष अग्रवाल** हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

**श्रीनारायण खेमका**
अध्यक्ष : अखिल भारतीय
मारवाड़ी सम्मेलन

**वी.के.जैन**
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

**डा. एस.के.पाठक**
वरिष्ठ चिकित्सक

**डा. नीलम ओहरी**
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
**ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'**

समाचार सम्पादक
**सरोज सिन्हा**

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।

रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324
9336929544
Email :
janmukh.vns@gmail.com

## बलिया समाचार

### कैनाल में गिरी बाइक, किशोर की मौत



**बलिया।** तुर्तीपार पंप कैनाल के क्षतिग्रस्त पुलिया से बाइक समेत दो भाई नहर में गिर गए। नहर के पानी में डूबते भाइयों में से एक को राहगीर ने निकाल लिया। लेकिन दूसरा पानी के तेज बहाव के कारण नहीं मिल सका। सूचना पर पहुंची उभाव और नगरा पुलिस किशोर के तलाश में जुट गई। फोन करके कैनाल में पानी का सप्लाई बंद करवाया तब किशोर का शव एक किमी दूर मिला। सूचना पर पहुंचे परिजन किशोर को लेकर नगरा पीएचसी पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिया का अप्रोच रेलिंग रहता तो यह दर्दनाक हादसा नहीं होता। यह हादसा नगरा थाना क्षेत्र के मालीपुर छितौना ग्राम पंचायत अंतर्गत तुर्तीपार पंप कैनाल का है। नवरंगिया दलित बस्ती निवासी अमित कुमार (22) और आदित्य (13) पुत्र रामआसरे सोमवार की शाम 3 बजे ननौरा गांव में अपने रिश्तेदार के यहां मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। शाम को करीब 7 बजे वापसी के दौरान छितौना हेड के पास पुलिया पर उनकी बाइक बेकाबू होकर तुर्तीपार पंप कैनाल में गिर गई।

## भदोही समाचार

### बलभद्रपुर गांव में एक दिन की बच्ची को खेत में फेंका

**ज्ञानपुर।** बलभद्रपुर में रविवार की रात में एक दिन की बच्ची सरसों के खेत में मिली। खेत की ओर गई गांव की एक महिला ने बच्चे के रोने की आवाज सुनकर उसे घर लेकर आई। जिला अस्पताल और सीएचसी भदोही के सीसीयू वार्ड में रखने के बाद नवजात बच्ची की हालत सामान्य होने पर बच्ची के पालन पोषण के लिए चाइल्ड लाइन को सौंपा गया। रविवार की रात आठ बजे देवनाथपुर से सटे बलभद्रपुर गांव में बलिराम गौतम की पत्नी सुनीता देवी खेत की ओर गई थी। जहां सरसों के खेत में एक बच्ची की रोने की आवाज सुनी। सुनीता देवी पास पहुंची तो पानी भरे सरसों के खेत में बच्ची रो रही थी। गांव के चौकीदार लालबहादुर गौतम ने पुलिस को सूचना दी।

## मीरजापुर समाचार

### खड़ा हाईवा देख ब्रेक लेने पर गिरा बाइक सवार, ट्रक से कुचलकर मौत



**अदलहाट।** वाराणसी-शक्ति नगर राज्यमार्ग स्थित गरौड़ी गांव के सामने सोमवार की दोपहर सड़क पर खड़े हाईवा के चलते बाइक सवार अनियंत्रित होकर गिर गया। इसी दौरान पीछे से आ रहे ट्रक की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसा सीसी कैमरे में कैद हो गया। घटना का वीडियो दिल दहलाने वाला है। ट्रक चालक थाना परिसर के सामने ट्रक छोड़कर भाग गया। वाराणसी के भेलूपुर थाना क्षेत्र के दुर्गाकुंड सफाई बस्ती निवासी अनुराग बिंद (20) अहरौरा थाना क्षेत्र के जिगना गांव निवासी अपने मामा हेमंत बिंद के यहां सोमवार की सुबह आया था। दोपहर में वाराणसी लौट रहा था। अदलहाट थाना क्षेत्र के गरौड़ी गांव के सामने पहुंचा कि वहां खड़ा हाईवा देख अचानक ब्रेक दबाया। इससे अनियंत्रित होकर वह गिर गया। इसी दौरान पीछे से आ रहे ट्रक की चपेट में आ गया। ट्रक के सारे पहिए से कुचलकर युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

## देवरिया समाचार

### पंपिंग सेट फटने से घायल किसान की मौत

**सलेमपुर।** मझौलीराज नगर पंचायत क्षेत्र के बड़वा टोला वार्ड निवासी किसान की पंपिंग सेट फटने से घायल होने के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। शव गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। बड़वा टोला वार्ड निवासी सोनू यादव उर्फ पम्पी (34) पुत्र दयाशंकर यादव उर्फ बलिस्टर बीते सात फरवरी को अपने खेत की सिंचाई के लिए पंपिंग सेट चला रहे थे। इसी दौरान अचानक पम्पिंग सेट फट गया और उसका एक टुकड़ा सोनू के सिर में जा लगा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सलेमपुर पहुंचाया। हालत नाजुक देख चिकित्सकों ने उन्हें पहले जिला चिकित्सालय देवरिया और फिर मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया।

## सुल्तानपुर समाचार

### बस से भिड़ी डीसीएम, एक की मौत, सात घायल



**सेमरी बाजार।** पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर जयसिंहपुर क्षेत्र के मौकेडीह गांव के पास सोमवार रात तेज रफ्तार डीसीएम बस में पीछे से घुस गई। हादसा इतना भीषण था कि डीसीएम के परखचे उड़ गए और उसमें सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सात लोग घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार बाराबंकी जिले के थाना जैतपुर क्षेत्र के दरोगा की छोरी निवासी इम्तियाज अहमद (35) डीसीएम में पीली सरसों लादकर पटना जा रहे थे। साथ में खलासी मुदस्सिर (17), मोहम्मद इसराइल (25) निवासी बुद्धगंज थाना जैतपुरा और मोहम्मद अनीस (30) निवासी बादली थाना हैदरगढ़ सवार थे। मौकेडीह के पास सवारी बैठाने के दौरान आगे चल रही बस ने अचानक ब्रेक लगा दी, जिससे डीसीएम पीछे से जा टकराई। हादसे में मोहम्मद अनीस की मौके पर ही मौत हो गई। घायलों में इम्तियाज अहमद, मुदस्सिर, मोहम्मद इसराइल के अलावा बस सवार शिवांगी मौर्य (23)निवासी फूलपुर, रशीदा निवासी कुशवाहा, साजिदा (42) व लुकमान (18) निवासी निजामपुर, आजमगढ़ शामिल हैं। सभी को सीएचसी दोस्तपुर भेजा गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। हादसे के बाद बस चालक व खलासी वाहन छोड़कर भाग निकले।

## मऊ समाचार

### ट्रेलर ने बाइक सवार दंपति को रौंदा, महिला की मौत

**मऊ।** सरायलखंसी थाना क्षेत्र अंतर्गत अदरी मोड़ के पास मऊ–बलिया मार्ग पर सोमवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार खाली ट्रेलर की टक्कर से बाइक सवार 65 वर्षीय प्रभावती देवी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके पति अवधेश सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, हलधरपुर थाना क्षेत्र के अरदौना गांव निवासी अवधेश सिंह अपनी पत्नी प्रभावती देवी को दवा दिलाने के लिए बाइक से जिला मुख्यालय गए थे। दवा लेकर लौटते समय दोपहर करीब 3:45 बजे जैसे ही वे अदरी मोड़ के पास पहुंचे, पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रेलर ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ट्रेलर बाइक को घसीटते हुए लगभग 20 मीटर तक ले गया। हादसे में प्रभावती देवी ट्रेलर के पहिए के नीचे आ गईं और उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

## गोरखपुर समाचार

### आंखों के उपचार में चली गई आंखेः संक्रमण ऐसा दो मरीजों की निकालनी पड़ी आंख



**गोरखपुर।** सिकरीगंज के न्यू राजेश हाईटेक हॉस्पिटल में बीते एक फरवरी को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के बाद मरीजों में संक्रमण अब गंभीर होता जा रहा है। रविवार को 70 वर्षीय रामदरश की बाईं आंख एम्स दिल्ली निकालनी पड़ी। वहीं रामदरश के भाई भी इलाज करा रहे हैं। उनकी रिपोर्ट आनी बाकी है। अब तक दो मरीजों की आंख निकालनी पड़ी है और एक की रोशनी चली गई है। सोमवार को बीआरडी मेडिकल कॉलेज के माइक्रोबायोलॉजी विभाग की टीम ने अस्पताल जाकर सर्जरी में इस्तेमाल उपकरणों की सैंपलिंग की, जिसे जांच के लिए प्रयोगशाला भी भेज दिया गया। अस्पताल की ओटी को जांच टीम ने पहले ही सील कर दिया है। अस्पताल में 30 मरीजों का मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया गया था। इसके बाद 11 मरीजों की आंख में गंभीर संक्रमण का मामला सामने आया। इसमें पांच का इलाज लखनऊ पीजीआई और तीन का एम्स दिल्ली में चल रहा है। इसमें बारीगांव की देवराजी देवी की आंख एम्स, दिल्ली के डॉक्टरों ने शुक्रवार को निकाल दी थी। वहीं इन्नाडीह के अर्जुन सिंह की बाईं आंख की रोशनी चली गई है। इस मामले में रिपोर्ट आने के बाद डॉक्टर निर्णय लेंगे। उधर, सिकरीगंज क्षेत्र के तिवारीपुर निवासी रामदरश के पोते सूरज ने बताया कि एक फरवरी को आयुष्मान योजना के तहत न्यू राजेश हाईटेक हॉस्पिटल सिकरीगंज में दादा की बाईं आंख के मोतियाबिंद का ऑपरेशन हुआ था। दर्द और उल्टी होने पर दूसरे दिन हॉस्पिटल पर संपर्क किया गया, जहां से उन्हें रेफर कर दिया गया। निजी हॉस्पिटल में ले जाने पर स्थिति गंभीर देख वहां से वापस कर दिया गया। तीन फरवरी को एम्स, दिल्ली ले जाया गया। वहां छठवें दिन सुधार नहीं होने पर डॉक्टरों ने रविवार को बाईं आंख निकाल दी। इन्नाडीह के दो सगे भाई 80 वर्षीय अर्जुन सिंह और 70 वर्षीय राजेंद्र सिंह की बाईं आंख के मोतियाबिंद का ऑपरेशन हुआ था। छोटे भाई विश्वनाथ सिंह ने बताया कि दूसरे दिन दोनों की आंख में दर्द, मवाद और उल्टी होने लगी। राजेंद्र सिंह को पीजीआई लखनऊ और अर्जुन सिंह को एम्स दिल्ली ले जाया गया। राजेंद्र का उपचार करने के बाद पीजीआई के डॉक्टरों ने 12 फरवरी को दोबारा बुलाया है। इसके बाद आगे का निर्णय लिया जाएगा।

## जौनपुर समाचार

### बाइक की भिड़ंत में युवक की मौत

**खेतासराय।** क्षेत्र के खुदौली वन विहार के समीप आहिरों-परशुरामपुर मोड़ पर सोमवार की दोपहर दो बाइक की भिड़ंत में युवक की मौत हो गई, जबकि चचेरा भाई घायल हो गया। हादसे के बाद दूसरी बाइक सवार युवक भाग गया। नौली गांव निवासी कैलाश का बेटा चंदन (20) अपने चचेरे भाई नितेश (16) के साथ बाइक से खुदौली स्थित गूजरताल जा रहा था। दोनों मनरेगा कार्य में लगी अपनी मां धनौता देवी और चाची रीता देवी के लिए भोजन पहुंचाने जा रहे थे। खुदौली वन विहार के पास सामने से तेज रफ्तार में आ रही बाइक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद दूसरी बाइक लेकर सवार भाग गया। राहगीरों की मदद से दोनों घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सोंधी ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने चंदन को मृत घोषित कर दिया।

## गाजीपुर समाचार

### निर्माणाधीन अंडरपास के लिए खोदे गए आठ फीट गहरे गड्ढे में गिरा बाइक सवार, मौत



**गाजीपुर।** जिले के दुल्लहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत जलालाबाद स्थित नेशनल हाईवे–124 डी पर शहीद वीर अब्दुल हमीद चौक के पास निर्माणाधीन अंडरपास एक बार फिर जानलेवा साबित हुआ। सुरक्षा मानकों की अनदेखी और चेतावनी संकेतों के अभाव में सोमवार देर रात एक दर्दनाक हादसा हो गया, जिसमें बाइक सवार रविंद्र पासवान की मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि निर्माणाधीन अंडरपास के उत्तर दिशा में लगभग 8 फीट गहरा गड्ढा खुदा हुआ है, लेकिन वहां कोई बैरिकेडिंग, संकेतक या प्रकाश व्यवस्था नहीं की गई थी। निर्माण कार्य के चलते शंकरा मार्ग की ओर से वाहनों का आवागमन एकतरफा किया गया था। इसी दौरान जलालाबाद गांव निवासी रविंद्र पास-वान (30) बाइक से घर से जलालाबाद की ओर जा रहे थे। अचानक सामने से आए वाहन को बचाने के प्रयास में संतुलन बिगड़ा और रविंद्र बाइक सहित सीधे गहरे गड्ढे में औंधे मुंह गिर पड़े। जिससे उनके नाक व मुंह से खून बहने लगा और वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

दुर्भाग्यवश, मौके पर तत्काल मदद नहीं मिल सकी और पुलिस को सूचना देने में करीब 30 मिनट की देरी हो गई। थानाध्यक्ष वागिश विक्रम सिंह ने बताया कि काफी मशक्कत के बाद पुलिस व स्थानीय लोगों की सहायता से घायल को गड्ढे से बाहर निकाला गया और एंबुलेंस से मऊ जिला अस्पताल भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## चंदौली समाचार

### ट्रेन के आगे कूदकर दी जान

**सैयदराजा।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत नौबतपुर रेलवे ट्रैक पर पिंटू ने ने सोमवार को ट्रेन के सामने कूदकर जान दे दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। थाना प्रभारी विंदेश्वरी पांडेय ने बताया कि नौबतपुर का रहने वाला पिंटू सैयदराजा के भतीजा रोड के समीप मकान बनाकर रहता था। रविवार रात पिंटू की मां उसके घर आई थी। इस दौरान किसी बात को लेकर दोनों में विवाद हुआ। सोमवार सुबह मां घर लौट गई। ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। मां सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर हाल बेहाल है। मामले की जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया पारिवारिक विवाद के चलते आत्महत्या की आशंका जताई जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगी।

## सोनभद्र समाचार

### प्रदेश सरकार ने सूख रही नदियों को किया पुर्नजीवित

**सोनभद्र।** नदियाँ धरती के जीव-जन्तुओं, पौधों, मानव जीवन, जंगल प्राकृतिक सम्पदा आदि समस्त प्राकृतिक सौन्दर्य की जीवनरेखा और पोषक अमूल्य रत्न है। नदियों के किनारे मानव सभ्यता एवं सांस्कृतिक विरासत का विकास हुआ है। नदियाँ प्राकृतिक परिसम्पत्तियों के रूप में महत्वपूर्ण है। देश की कृषि, आर्थिक विकास, व्यापार और पर्यटन के लिए नदियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। आदिकाल से अब तक नदियाँ पृथ्वी के समस्त प्राकृतिक, सामाजिक आर्थिक एवं सांस्कृतिक विरासत की पोषक रही है। नदियों के किनारे भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति विकसित एवं फली-फूली है। उत्तर प्रदेश में नदियों के किनारे बड़े-बड़े नगरो का विकास हुआ है। प्रदेश की प्रमुख नदियाँ गंगा, यमुना, घाघरा, गोमती, सोन, केन, वेतवा, रामगंगा, गंड़क, राप्ती आदि महत्वपूर्ण है जो प्रदेश के विभिन्न भागों से होकर बहती है और एक प्रमुख जल निकासी का नेटवर्क बनाती है तथा मिट्टी को उपजाऊ, पेयजल की पूर्ति तथा नगरों, गाँवों के विकास में पूरा योगदान देती है। इन नदियों का राज्य की भौगोलिक स्थिति, अर्थव्यवस्था प्राकृतिक भू-आकृतियों की विविधता व्यापार और औद्योगिक विकास के लिए प्रमुख स्थान है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने सूखी नदियों के पुनर्जीवित करने की नीति के तहत अनेको नदियों को पुनर्जीवित किया है। प्रदेश सरकार ने सूख रही व सिल्ट से भरी हुई सवा सौ से अधिक नदियों का जीर्णोद्वार/पुनर्जीवित किया है। जिसमे प्रमुख रूप से जनपद जालौन की नून नदी, बाराबंकी की कल्यानी नदी, चित्रकूट की मन्दाकिनी नदी, अलीगढ़ की सेंगर नदी, ललितपुर की ओड़ी नदी, जौनपुर की कुँवर नदी, कानपुर देहात की पाँडु नदी, गोंडा की मनवर नदी, वाराणसी की नाद एवं वरूणा नदी, फिरोजाबाद की सिरसा नदी, इटावा की पुरहा नदी, हरदोई की सई नदी, अयोध्या की तमसा नदी आदि है। इन सभी नदियों की सिल्ट सफाई करा कर प्राकृतिक रूप में लाने से क्षेत्र के लाखों किसानों आमजनता को लाभ मिला है। साथ ही जीव जन्तुओं पशु-पक्षियों को पीने का पानी, पेड़-पौधों को विकसित होने तथा हरियाली बढ़ाने में काफी मददगार साबित हुई है। राप्ती नदी जनपद गोरखपुर में ग्राम रूदाइन मझगांवा तहसील बांसगांव एवं ग्राम सेमरौना तहसील चौरीचौरा के पास दो भागों गुर्रा एवं राप्ती में विभक्त हो जाती है। इस स्थल से सचौली ग्राम तक राप्ती नदी की कुल लम्बाई 69 किमी0 एवं गुर्रा नदी की लम्बाई 44 किमी0 है। राप्ती नदी उक्त स्थल पर अलग होकर जनपद गोरखपुर के चौरीचौरा एवं बांसगांव तहसील के 27 ग्रामों एवं जनपद देवरिया के रूद्रपुर तहसील के 06 ग्रामों के किनारे से प्रवाहित होकर पुनः दोनों नदी देवरिया के सचौली ग्राम के पास मिल जाती है।

## प्रयागराज समाचार

### CRPF में ज्वाइनिंग से पहले मौत, इकलौता बेटा था




**प्रयागराज।** बारातियों से भरी 2 कारें नहर में गिर गईं। गाड़ी में सवार सभी 10 लोग पानी में डूब गए। हादसे में 2 की मौत हो गई, जबकि 8 को बचाया गया। दोनों कारों को नहर में गिरता देख पीछे से आ रहे बाराती उन्हें बचाने के लिए दौड़े, लेकिर नहर में ज्यादा पानी होने की वजह से रुक गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय गोताखारों की मदद से 8 लोगों को पानी से सुरक्षित निकाला। रातभर चले रेस्क्यू के करीब 8 घंटे बाद सोमवार सुबह 2 लोगों का शव बरामद किया गया। मरने वालों की पहचान बांदा के प्रदीप कुशवाहा उर्फ पिंटू (30) और बलिया के अनीश सिंह (20) के रूप में हुई है। अनीश के पिता सीआरपीएफ में थे, 10 साल पहले उनकी मौत हो गई थी। पिता की जगह पर उसकी CRPF में ज्वाइनिंग होने वाली थी। अनीश घर का इकलौता बेटा था। घटना की सूचना पर रविवार रात भारी संख्या में पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची। रेस्क्यू अभियान चलाया गया। नैनी में लालजी शुक्ला रहते हैं। उनके बेटे शुभम शुक्ला की बारात नैनी से कोरांव थाना क्षेत्र के घूघा गांव में विजय कुमार पांडेय के यहां जा रही थी। शुभम के दोस्त भी बारात में जा रहे थे। रविवार रात करीब साढ़े 10 बजे कोरावं थाना क्षेत्र में उनकी कार बेलन मुख्य नहर में गिर गई। हादसे के बाद ग्रामीणों ने तुरंत ही राहत कार्य शुरू किया।

## आजमगढ़ समाचार

### आजमगढ़ में हादसेः कांस्टेबल सहित चार लोगों की मौत, कई घायल



**आजमगढ़।** देवगांव–मेहनाजपुर मार्ग पर निहोरगंज बाजार के पास रविवार शाम सड़क हादसा हो गया। मेहनाजपुर की ओर से देवगांव जा रही स्कॉर्पियो सड़क किनारे लगे पेड़ को तोड़ते हुए खेत में पलट गई। इस दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि वाहन में सवार कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में मृतक की पहचान प्रमोद कुमार (50) निवासी तुलसीपुर, थाना खानपुर, जनपद गाजीपुर के रूप में हुई है। दुर्घटना में स्कॉर्पियो क्षतिग्रस्त हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रविवार रात आठ बजे निहोरगंज बाजार के पास स्कॉर्पियो अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क से उतरकर खेत में पलट गई। आसपास के लोगों ने राहत व बचाव कार्य करते हुए सभी घायलों को बाहर निकाला। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां प्रमोद कुमार ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई शुरू की। मृतक की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। इस संबंध में देवगांव कोतवाल विमल प्रकाश राय ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस को मौके पर भेज दिया गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आगे की कार्रवाई की जा रही है। अहरौला थाना क्षेत्र के माहुल फुलवरिया मार्ग पर बीते शनिवार को दो बाइक की भिड़ंत में गंभीर रूप से घायल युवक की रविवार देर रात इलाज के दौरान मौत हो गई। उसके मौसेरे भाई ने दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया था। अहरौला थाना क्षेत्र के कंदरा गांव निवासी बृजमोल यादव और पवई थाना क्षेत्र के भरमा डढ़िया निवासी आपस में मौसेरे भाई थे राम प्रवेश यादव(20) के साथ शनिवार को दोपहर में माहुल दवा लेने जा रहे थे, जैसे ही इनकी बाइक गौसपुर गांव के मोड़ से आगे बढ़ी पीछे से दूसरी बाइक ने इन्हें टक्कर मार दिया और दोनों बाइक सवार सड़क पर इधर उधर गिर पड़े, जिससे बृजमोल यादव (22) का सिर फट गया। मौके पर उसकी मौत हो गई। बाइक पर पीछे बैठा राम प्रवेश गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने आजमगढ़ के निजी चिकित्सालय में उसे भर्ती कराया। हालत में सुधार न होता देख उसे मंडलीय चिकित्सालय आजमगढ़ में ले गए। जहां रविवार रात रामप्रवेश यादव की मौत हो गई।

## लाइफ मंत्र

### वैलेंटाइन डे पर है शनि की नजर, प्रेम संबंधों में इन गलतियों से बचने की सलाह



हर साल 14 फरवरी को दुनिया भर में वैलेंटाइन डे प्यार और भावनाओं के उत्सव के रूप में मनाया जाता है, लेकिन वैलेंटाइन डे 2026 इस बार कुछ अलग और खास रहने वाला है।

ज्योतिषीय दृष्टि से यह दिन बेहद संवेदनशील माना जा रहा है, क्योंकि इस वर्ष वैलेंटाइन डे शनिवार को पड़ रहा है और इसी दिन शनि त्रयोदशी का संयोग बन रहा है।

ज्योतिष और हिंदू धर्मशास्त्रों के अनुसार, शनि देव को कर्म, न्याय और सत्य का देवता माना जाता है, जबकि प्रेम और आकर्षण के स्वामी शुक्र ग्रह हैं। ऐसे में जब प्रेम का दिन शनि की तिथि से प्रभावित हो, तो रिश्तों की परीक्षा होना स्वाभाविक माना जाता है।

**शनि त्रयोदशी और वैलेंटाइन डे का ज्योतिषीय प्रभाव**

ज्योतिषाचार्यों के अनुसार, शनि त्रयोदशी के प्रभाव से इस वैलेंटाइन डे पर पुराने झगड़े, दबे हुए मतभेद, झूठे वादे या अधूरी बातें सामने आ सकती हैं। जो रिश्ते ईमानदारी और विश्वास पर टिके हैं, वे इस परीक्षा में और मजबूत हो सकते हैं, लेकिन नए या कमजोर संबंधों में तनाव, गलतफहमी या दूरी बढ़ने की आशंका है। इसलिए इस दिन संयम और समझदारी बेहद जरूरी मानी गई है।

**चमड़े और धारदार चीजें गिफ्ट न करें**

शनि से जुड़ी मान्यताओं के अनुसार, इस दिन चमड़े की वस्तुएं, चाकू या धारदार चीजें उपहार में देना अशुभ माना जाता है। इसके बजाय स्टील, नीले रंग की वस्तुएं, रुद्राक्ष या आध्यात्मिक प्रतीक गिफ्ट करना बेहतर रहेगा।

**शराब और भारी भोजन से बचें**

शनि त्रयोदशी के दिन मद्यपान और भारी भोजन वर्जित माना गया है। इस दिन सात्विक और शाकाहारी भोजन करने से मानसिक संतुलन बना रहता है और रिश्तों में स्थिरता आती है।

**झूठ और धोखे से रहें दूर**

शनि देव को सत्य का न्यायाधीश माना जाता है। इस दिन छोटा झूठ, बात छिपाना या धोखा रिश्ते में बड़ी दरार पैदा कर सकता है। अपने पार्टनर से साफ और ईमानदार संवाद करना सबसे शुभ रहेगा।

**जल्दबाजी और बड़े वादों से बचें**

इस वैलेंटाइन डे पर जल्दबाजी में कमिटमेंट, बड़े वादे, भावनाओं में बहकर लिए गए फैसले भविष्य में परेशानी बन सकते हैं। इसके बजाय दान-पुण्य, सेवा और संयम अपनाना शनि की कृपा पाने का सरल उपाय माना गया है।

प्रेम की सच्चाई को परखने का दिन बन सकता है। यह समय दिखावे से ज्यादा सच, संयम और स्थिरता का है। जो रिश्ते इन मूल्यों पर टिके होंगे, वे शनि की परीक्षा में खरे उतरेंगे।

## iPhone में Storage की टेंशन खत्म! इस Free ट्रिक से पाएं अनलिमिटेड स्पेस, नहीं लगेगा एक भी रुपया।



iPhone यूजर्स अब बिना iCloud+ सब्सक्रिप्शन के 'अनलिमिटेड स्टोरेज' का लाभ उठा सकते हैं, यह Photos ऐप के 'Shared Album' फीचर से संभव है जो iCloud का स्पेस इस्तेमाल नहीं करता। हालांकि, इस मुफ्त स्टोरेज ट्रिक में फोटो की ओरिजिनल क्वालिटी कंप्रेस हो जाती है और एल्बम डिलीट होने का खतरा बना रहता है। सबसे ज्यादा iPhone यूजर इसकी स्टोरेज फुल हो जाने से परेशान रहते हैं। अब आप भी iPhone की स्टोरेज से फुल होने से तंग हो गए हैं, लेकिन आप iCloud+ का पैसा नहीं देना चाहते तो आज हम आपके लिए एक शानदार ट्रिक लेकर आए हैं। इस लेख में हम आपको एक ऐसी ट्रिक बताने जा रहे हैं जिसके जरिए आप बिना कोई सब्सक्रिप्शन खरीदे करीब अनलिमिटेड स्टोरेज जैसा मजा ले सकते हैं। दरअसल, ये ट्रिक iPhone के Shared Album फीचर पर बेस्ड है, जो Apple Inc. द्वारा बिल्ट-इन Photos ऐप में देखने को मिलता है। इसके बारे में हम आपको विस्तार से बताते हैं।

**आखिर क्या है Shared Album?**

आपको बता दें कि, Shared Album खासतौर पर एक फोटो शेयर करने के लिए एप्पल द्वारा दिया गया एक धांसू फीचर है, इसका बड़ा फायदा ये है कि यह आपके iCloud स्टोरेज का यूज नहीं करता है। इसका सीधा अर्थ है कि इससे आपका iCloud स्टोरेज भी फुल नहीं होगा और आप अपने फोटो वीडियो भी सेफ रख पाएंगे।

**कैसे बनाएं Shared Album?**

- सबसे पहले आप आईफोन के Photos एप को ओपन करें।
- फिर आप नीचे Albums में जाएं।
- अब + (प्लस) बटन दबाएं और New Shared Album पर क्लिक करें।
- इस Shared Album को नाम दें और Create करें।
- अब आप इसमें 5000 तक फोटो वीडियो ऐड कर सकते हैं।

**Shared Album में कुछ लिमिटेशन भी है**

यदि आप Shared Album में अपनी फोटो-वीडियो सेव करते हैं तो फोटो का साइज Apple ऑटोमैटिकली कंप्रेस कर देता है। यहां असली ओरिजिनल क्वालिटी सेव नहीं रहती और एल्बम डिलीट हुआ तो फोटो भी डिलीट हो सकती है।



# Apple का अगला Tech-जादू! AirPods Pro 4 में लगेंगे Camera, इशारों से Control होगा सब कुछ

**ऐपल अपने अगले AirPods Pro 4 में इंफ्रारेड कैमरे जैसा अनोखा फीचर ला सकता है, जिसका इस्तेमाल तस्वीरें खींचने के लिए नहीं बल्कि जेस्चर कंट्रोल के लिए होगा। यह टेक्नोलॉजी Apple Vision Pro के अनुभव को बेहतर बनाने के साथ-साथ यूजर्स को बिना डिवाइस छुए इशारों से म्यूजिक और वॉल्यूम कंट्रोल करने की सुविधा दे सकती है।**

दरअसल, ऐपल अपने अगले Airpods यानी कि AirPods Pro 4 के साथ कुछ ऐसा दमदार फीचर लेकर आ रहा है, जिसके बारे में किसी ने सोचा भी नहीं होगा। जानकारी की मुताबिक, ऐपल AirPods Pro 4 में कैमरे फिट कर रहा है। इसका सीधा मतलब यही है कि ऐपल अपने यूजर्स के कानों पर कैमरे फिट करने जा रहा है।

पता चला है कि यह कैमरे इंफ्रारेड टेक्नोलॉजी से लैस होंगे और यह आपके आस-पास के माहौल को देखने के साथ-साथ आपके हाथों के इशारों को समझ सकेंगे। रिपोर्ट से पता चला है कि इस टेक्नोलॉजी को ऐपल विजन प्रो हेडसेट के अनुभव को और बेहतर बनाने के लिए लेकर आ रहे हैं।

**कानों में कैमरे लगाकर क्या करेगा Apple?**

ऐपल अपने नए एयरपॉड प्रो में छोटा इंफ्रारेड कैमरा लेकर आ रहा है। बता दें कि, यह कैमरा फोचो क्लिक करने के काम नहीं आएगा। इसका यूज विजुअल इंटेलिजेंस के फीचर को और बेहतर बनाने के लिए किया जाएगा।

**जेब पर कितना पड़ेगा खर्च?**

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कोसुतामी का कहना है, ये AirPods Pro 4 होंगे और इनकी कीमत पुराने मॉडल की तरह 249 डॉलर यानी कि 21-25 हजार तक ही रहेगी। कुछ रिपोर्ट्स ने बताया है कि ऐपल इन्हें AirPods Pro 3 के एक प्रीमियम हाई-एंड वर्जन के तौर पर पेश कर सकता है। आपको बता दें कि, इससे पहले AirPods 4 के दो मॉडल लॉन्च हो चुके हैं। इस तरह से नए एयरपॉड्स को दो मॉडलों के बीच कहीं फिट किया किया जा सकता है।


**कब तक हो सकता है लॉन्च?**

ऐपल हर तीन साल में अपने प्रोडक्ट्स को अपडेट करता है। AirPods Pro 2 साल 2022 में आए थे और AirPods Pro 3 को 2025 में लॉन्च किया था। इस साल कैमरे वाले एयरपॉड्स का आना सबको चौंका सकता है क्योंकि ऐपल अपने प्रोडक्ट्स इतनी जल्दी अपडेट नहीं करता है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस साल 2026 में इसको इवेंट में पेश किया जा सकता है।

**कैसे इसका यूज कर पाएंगे?**

अगर कैमरा लगे ये AirPods सिर्फ Vision Pro हेडसेट तक सीमित न रहकर आम यूजर्स के लिए आ जाएं, तो यह किसी चमत्कार से कम नहीं होंगे। इनके जरिए बिना फोन या बड्स को छुए ही कई काम किए जा सकेंगे। हाथ या सिर के हल्के इशारों से गाने बदले जा सकेंगे, सिरी को एक्टिव किया जा सकेगा और हवा में हाथ हिलाकर वॉल्यूम जैसे फीचर्स कंट्रोल किए जा सकेंगे। यह टेक्नोलॉजी रोजमर्रा के इस्तेमाल को पूरी तरह बदल सकती है।

# Laptop का Keyboard हुआ जाम? Service Center की भागदौड़ से बचें, ये 5 Smart Tricks आएंगी काम



अगर आपके लैपटॉप का कीबोर्ड काम नहीं कर रहा है, तो सर्विस सेंटर जाने से पहले कुछ घरेलू ट्रिक्स आजमाएं। लैपटॉप रीस्टार्ट करने, कीबोर्ड ड्राइवर अपडेट करने और बैटरी चेक करने जैसे आसान तरीकों से आप इस समस्या को घर बैठे ही ठीक कर सकते हैं। आजकल ज्यादातर लोग ऑफिस वर्क और फिर पर्सनल काम के लिए लैपटॉप या डेस्कटॉप का इस्तेमाल जरुर करते हैं। वैसे भी यह हमारी लाइफ का जरुरी हिस्सा बन गया है। आप चाहे तो ऑफिस का काम हो या बच्चों की पढ़ाई हो, टिकट बुक करना हो या फिर मूवी ही देखना हो तो, लोग अपने लैपटॉप की जरुरत पड़ती ही है। बिना इसके कोई काम नहीं हो पाता है। अक्सर होता है कि लैपटॉप पर काम करते-करते कीबोर्ड अचानक काम करना बंद कर देता है। यदि आपके सामने भी ये पेरशानी आती है तो आप सर्विस सेंटर जाने से पहले घर पर ही बैठकर कीबोर्ड को कुछ खास ट्रिक से ठीक किया जा सकता है। आइए आपको इन ट्रिक्स के बारे में बताते हैं।

**लैपटॉप को एक बार रीस्टार्ट करें**

अक्सर होता है कि कीबोर्ड की दिक्कत केवल सॉफ्टवेयर की वजह से होती है। ऐसे में आप लैपटॉप को एक बार रीस्टार्ट करके ऑन करें। ऐसा करने से समास्या अपने आप ठीक हो जाती है। ये सबसे आसान तरीका है।

**बैटरी को जरुर चेक करें**

अधिकतर लैपटॉप में कीबोर्ड में नीचे ही बैटरी लगी होती है। जब बैटरी फूल जाती है, तो कीबोर्ड काम करना बंद ही कर देता है। इसे चेक करने के लिए आप सबसे पहले बैटरी निकालकर लैपटॉप को चार्ज पर लगाकर ऑन करें। यदि कीबोर्ड काम कर रहा है तो इसका मतलब है कि दिक्कत कीबोर्ड में नहीं बल्कि बैटरी में है।

**कीबोर्ड को ठीक से साफ करें**

कीबोर्ड में धूल, मिट्टी जमना एक आम बात है, लेकिन इस वजह से कई बार बटन ठीक से काम नहीं करता है। इसके लिए आप हल्के हाथ से ब्रश, एयर ब्लोअर या सूखे कपड़े से कीबोर्ड को सबसे पहले साफ करें। अगर आप क्लीन करेंगे तो इससे आपकी समस्या दूर हो जाएगी।

**कीबोर्ड ड्राइवर चेक करें**

स्टार्ट मेनू में जाएं डिवाइस मैनेजर खोलें और वहां कीबोर्ड से जुड़े विकल्प को देखें। यदि कीबोर्ड के सामने पीले रंग का निशान दिखाई दे, तो इसका अर्थ है कि ड्राइवर में समस्या है। ऐसे में कीबोर्ड ड्राइवर को हटाकर लैपटॉप को रीस्टार्ट करें। सिस्टम दोबारा चालू होने पर ड्राइवर अपने-आप फिर से इंस्टॉल हो जाएगा।

**एक्सटर्नल कीबोर्ड लगाकर टेस्ट करें**

इसके अलावा, आप USB कीबोर्ड लगाकर भी देख सकते हैं। यदि बाहर का कीबोर्ड सही चल रहा है, तो मतलब लैपटॉप के अंदर वाले कीबोर्ड में ही दिक्कत है। जो भी समस्या होगी आपको पता चल जाएगी।

**कीबोर्ड सेटिंग्स भी चेक करें**

जब कीबोर्ड की लैंग्वेज सेटिंग्स बदलने पर भी कीबोर्ड सही तरह से काम नहीं कर पाता है। इसके लिए आप सेटिंग्स में जाकर चेक जरुर करें।


होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762

मेडिकल डायरेक्ट्री

बच्चों के डॉक्टर
मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ
गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
नि:संतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक रविवार 9 से 1 बजे तक
पता: टकसाल सिनेमा के सामने ( नियर ताज होटल ) नदेसर, वाराणसी
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ
काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ
समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाशय में छाला, अन्दरूनी रक्तस्त्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
परामर्श समय: 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पूरी
MBBS, MD (IMS-BHU) DM (GASTRO.) SMS Jaipur
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ
ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी [नियर पासपोर्ट ऑफिस]

मानसिक रोग विशेषज्ञ
तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ
डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थ्रोस्कोपी ( लिगामेंट सर्जरी ) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170

कार्ड एवं स्टेशनरी
शादी के कार्ड
2026 डायरी, कैलेन्डर
खत्री स्टेशनर्स
साईं मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप
Designer Salwar Suit Lancha Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप
NEW GENERATION
Exclusive Wear House
KIDS MENS TEENAGERS
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप
DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ
पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
कुंडली विशेषज्ञ, हस्तरेखा, फेस रीडिंग, कुंडली मिलान
रत्न रुद्राक्ष थेरेपिस्ट, वास्तु एवं फैंगशुई विशेषज्ञ
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch 9324652370
Bandra Branch 8108888280
HEAD OFF. : SHOP No.-2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682